13 अव्यय
Indeclinable words

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में अव्यय शब्दों को रेखांकित करो—**

क. मेरे घर के सामने पार्क है।

ख. अरे! आज स्कूल की छुट्टी है।

ग. वाह! क्या छक्का लगाया।

घ. मैं और आयुष अच्छे दोस्त हैं।

ङ धरती के नीचे बहुत सारे खनिज हैं।

च. कछुआ धीरे-धीरे चलता है।

2. **सही अव्यय छाँटकर वाक्य पूरे करो—**

क. कुरसी ···के नीचे··· चूहा छुपा है। (के साथ / के नीचे / ओह)

ख. खाने ···से पहले··· हाथ धोने चाहिए। (लेकिन / मगर / से पहले)

ग. मैं बीमार हूँ ···इसलिए··· स्कूल नहीं जाऊँगा। (इसलिए / अथवा / या)

घ. ···आह!··· बहुत दर्द हो रहा है। (वाह! / छि:! / आह!)

ङ. टॉम ···और··· ज़ेरी कार्टून मुझे पसंद है। (या / लेकिन / और)

च. पेड़ ···के ऊपर··· कई घोंसले बने हैं। (के ऊपर / नीचे / यहाँ)

3. **नीचे लिखे अव्ययों का वाक्य में प्रयोग कीजिए—**

क. यहाँ — यहाँ मेरा बस्ता रखा था।

ख. के साथ — मैं अपनी बहन के साथ बाज़ार गया।

ग. अरे — अरे! यह क्या है?

घ. और — तुम और मैं दोनों साथ घर जाएँगे।

ङ. आज — आज तेज़ बारिश होगी।

च. लेकिन — मैं तेज़-तेज़ भागा लेकिन गाड़ी निकल गई।